हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 16 देहरादून, सोमवार, 03 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



डीजीपी ने प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए चयनित भूमि का किया निरीक्षण 3

# सीएम धामी ने की केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला से भेंट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला से भेंट कर उत्तराखंड में पशुपालन और डेयरी से संबंधित विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से नेशनल लाईव स्टॉक मिशन योजना के अन्तर्गत पशुधन बीमा की अवशेष धनराशि अवमुक्त करने और राज्य में संचालित सचल पशु चिकित्सा वाहन की सेवाएं शेष 35 विकासखण्डों में भी उपलब्ध कराए जाने का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में संचालित विभिन्न रोजगार योजनाओं में पशुपालन से सम्बन्धित योजनाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के सीमान्त पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों के पशुपालकों हेतु नेशनल लाईव स्टॉक मिशन योजना के अन्तर्गत पशुधन बीमा का संचालन किया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत स्वीकृत 40 करो? रूपए के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2022-23 में 14 करो? 26 लाख 25 हजार रूपए की धनराशि प्राप्त हुई थी जिसमें केन्द्रांश रू0 8 करो? 67 लाख 66 हजार रूपए और राज्यांश 5 करो? 58 लाख 59 हजार रूपए था। योजना के अन्तर्गत राज्य में पशुधन बीमा के लक्ष्य के सापेक्ष कुल 1,45,451 पशुओं में बीमा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से स्वीकृत योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये स्वीकृत बजट की शेष धनराशि उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में पशुपालक के द्वार पर आधुनिक तकनीकी की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 60 सचल पशुचिकित्सा वाहन संचालित किये जा रहे हैं। इनके माध्यम से 58392 पशुओं की चिकित्सा पशुपालको के द्वार की पर की गयी है। मुख्यमंत्री ने राज्य के शेष 35 विकासखण्डों में भी इसी प्रकार की सेवाओं के लिये 786.94 लाख रूपए धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें 764.246 लाख रूपए का केन्द्रांश और 22.694 लाख रूपए का राज्यांश रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भे? बकरियों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिये भारत सरकार के सहयोग से पीपीआर उन्मुलन योजना संचालित की जा रही है। वर्ष 2030 तक पीपीआर मुक्त करने के महत्वाकांक्षी टीकाकरण योजना के लिये उत्तराखण्ड में 14 लाख डोज टीकों की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हर सम्भव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।



## उत्तराखंड के 8 जिलों में मूसलाधार बारिश की संभावना, लोगों से सावधान रहने की अपील

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 03 जुलाई : उत्तराखंड में लगातार भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते दिन कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के बीच भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। इससे 51 सड़कें बंद हो गईं। पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

8 जिलों में मूसलाधार बारिश हो सकती है, इसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून, नैनीताल, चंपावत, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के निवासियों को सावधान रहने की जरूरत है,यहां भारी बारिश होने की संभावना है। उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिले के कुछ स्थानों पर भी बारिश हो सकती है।



आईएमडी द्वारा उत्तराखंड राज्य के लिए जारी तत्कालिक मौसम अलर्ट के मुताबिक नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत, ऊधमसिंह-नगर, अल्मोड़ा व पौड़ी जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के साथ ही तेज बारिश के कई दौर होने की संभावना है।इसे लेकर तीन घंटे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। चमोली, टिहरी, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ के लोग भी सावधान रहें। प्रदेश में मौसम खराब है, जिससे चारधाम यात्रा भी प्रभावित हो रही है।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा पर आ रहे यात्रियों से निवेदन किया है कि वो मौसम विभाग की ओर से दिए गए अलर्ट को देखते हुए देवभूमि में प्रवेश करें। चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने की अपील की गई है। आप भी चारधाम या पहाड़ी क्षेत्रों की यात्रा पर निकल रहे हैं तो सावधानी बरतें। खराब मौसम में हादसे की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए अगर संभव हो तो खराब मौसम में पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा से बचें। सुरक्षित रहें और अपना ख्याल रखें।

## नीलकंठ मेला क्षेत्र में 894 पुलिसकर्मी की सुरक्षा में रहेंगे शिवभक्त

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त का दावा किया है। नीलकंठ मेला क्षेत्र में 894 पुलिस कर्मियों की सुरक्षा में शिवभक्त महादेव के दर्शन और जलाभिषेक करेंगे। पलपल की गतिविधि पर 74 सीसीटीवी कैमरों और तीन ड्रोन से नजर रहेगी। आतंकी घटना की आशंका में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड की तैनाती भी इस दफा की गई है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के मुताबिक मेला क्षेत्र में पुलिस ने छह खोया-पाया केंद्र स्थापित किए हैं। केंद्रों में तैनात पुलिस कर्मियों को डिजिटल सिस्टम से भी जोड़ा गया है, जिससे तत्काल किसी भी शिवभक्त के खोने की जानकारी पहुंच सके। बीन नदी में बरसात के दौरान बाढ़ की स्थिति में ट्रैक्टर और जेसीबी की व्यवस्था की जा रही है। एसडीआरएफ और क्यूआरटी की दो-दो टीमों के साथ जल पुलिस के गोताखोरों को भी कांवडियों की सुरक्षा में लगाया गया है। एसएसपी ने बताया कि सुपर जोन में एएसपी, सात जोन में सीओ स्तर के अधिकारी और सेक्टर में निरीक्षक व उपनिरीक्षक पर जिम्मा होगा। उन्होंने कांवड़ यात्रा ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को व्यवहार संयमित रखने के निर्देश दिए हैं। औचक निरीक्षण में तैनाती स्थल से किसी के भी गायब मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

शाम के बाद नहीं जाएंगे पैदल

राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क से होकर गुजरने वाले नीलकंठ धाम के पैदल मार्ग पर यात्रा में शाम छह से लेकर सुबह पांच बजे तक आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि वन्यजीवों के खतरे के मद्देनजर कांवडियों की सुरक्षा के लिए यह फैसला लिया गया हैं। दिन में पुलिस और राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क के वनकर्मियों की टीम मार्ग पर नियमित गश्त करेगी।

## खाई में गिरी पर्यटकों की कार एक की मौत, चार घायल

विकासनगर। देहरादून से चकराता घूमने आए पर्यटकों की कार दुर्घटनाग्रस्त होने से कार सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी चकराता हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शनिवार रात नौ बजे के करीब देहरादून से चकराता घूमने के लिए आए युवक कार से चकरता-त्यूणी मोटर मार्ग पर जा रहे थे। देवबन संपर्क मार्ग से कुछ आगे वाहन अनियंत्रित होकर दो सौ मीटर गहरी खाई में गिर गया। वाहन में सवार पर्यटकों ने ही इसकी सूचना 100 नंबर पर दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची चकराता पुलिस, एसडीआरएफ और राजस्व कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को सडक़ तक पहुंचाया। सभी घायलों को उपचार के लिए सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां विनय कश्यप (38) निवासी खुड़बुड़ा मोहल्ला देहरादून को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर तौर पर घायल आयुष कंसल पुत्र रमेश कंसल (20) निवासी माता मंदिर देहरादून, यमन साहनी पुत्र जोगेंद्र साहनी (20) निवासी डालनवाला देहरादून को आर्मी अस्पताल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता में भर्ती कराने के बाद हायर सेंटर भेजा दिया गया। जबकि वासु साहनी पुत्र हरीश कुमार साहनी (19), आदित्य पुत्र गोविंद सिह (20) निवासीगण राजीवनगर देहरादून को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। थानाध्यक्ष चकराता कुलवंत सिंह जलाल ने बताया कि रात्रि में घना कोहरा होने के कारण वाहन खाई में गिरा होगा। सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

## कांवड़ मेला : मेला क्षेत्र 1 सुपर जोन, 7 जोन व 23 सेक्टरों में विभाजित

पौड़ी। जिला प्रशासन ने कांवड यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यात्रा की निगरानी 74 सीसीटीवी कैमरे और 3 ड्रोन से होगी। एसएसपी ने मेले में तैनात पुलिस जवानों से यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार रखते हुए सतर्क रहकर डयूटी करने व यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से चलाने व यातायात प्लान के हिसाब से वाहनों को उनकी दिशा में भेजने, कांवड़ यात्रा के दौरान सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि मेला क्षेत्र को 1 सुपर जोन, 7 जोन व 23 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। हर सुपर जोन में अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी, जोन में पुलिस उपाधीक्षक व सेक्टरों में एसएचओ, एसआई, एसओ, उपनिरीक्षक व अपर उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों को तैनात किया गया है। बताया कि मेले में पौड़ी व अन्य जनपदों से पुलिस बल तैनात किया गया है। जिसमें एसडीआरएफ की 2 टीम, जल पुलिस, गोताखोर टीम, दो क्यूआरटी टीम, पीएससी टीम के साथ-साथ आतंकी घटनाओं की रोकथाम के लिए एक एंटी टेरेस्ट इस्क्वाइड टीम मेला क्षेत्र में चौबीस घंटे के लिए एक्टिव रहेगी।

# तुरंत जानिए कैसे काम करता है Apple वॉच का fall detection फीचर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 3 जुलाई , वैसे तो Apple के डिवाइस तारीफ के काबिल होते हैं शायद इसलिए इन्हें यूजर्स द्वारा पसंद भी किया जाता है. हाल की रिपोर्ट के मुताबिक, एपल Watch ने एक बार फिर किसी की जान बचाई है और समय के साथ ये एक बेहतरीन गैजेट साबित हो रहा है. एक एप्पल वॉच यूजर को सीढ़ी से गिरने का महसूस हुआ जिसके बाद उसे सिर में चोट लगी. लेकिन, उनकी एपल वॉच सीरीज 8 ऑटोमेटिक इमरजेंसी कॉन्टैक्ट्स को कांटेक्ट करके उनकी पत्नी को इन्फॉर्म किया. यानी वॉच मिलने वाले इमरजेंसी कॉन्टैक्ट सही में फायदेमंद साबित हुआ.



हालांकि गिरने के वजह से उस इंसान को fall detection का जवाब नहीं ले पाया, जो नॉर्मली लगभग एक मिनट के बाद एक्टिव होता है और इमरजेंसी सर्विस और सेलेक्टेड कॉन्टैक्ट्स को तुरंत इन्फॉर्म करता है. यहां हम आपको बताएंगे कि एपल वॉच सर्विस का इस्तेमाल कैसे किया जाता है और इनेबल कैसे किया जाता है.

**Apple वॉच का fall detection फीचर कैसे काम करता है ?**

अगर आपकी एपल वॉच ये पता लगाती है कि आप लगभग एक मिनट के लिए स्टेबल हैं तो ये आपकी कलाई पर टैप करते हुए और अलर्ट जारी करते हुए 30 सेकंड की उलटी गिनती शुरू कर देती है. अलर्ट लाउड हो जाता है ताकि इसे आप या आस-पास का कोई और इंसान इसे सुन सके. अगर आप किसी को कॉल नहीं करना चाहते हैं, तो रिजेक्ट करें पर क्लिक करें. जब उलटी गिनती खत्म हो जाती है, तो आपकी Apple वॉच ऑटोमेटिक इमरजेंसी के साथ आपके इमरजेंसी कॉन्टैक्ट कर सकते हैं.

**Fall detection फीचर ऐसे इनेबल करें**

अपने आईफोन में वॉच ऐप को ओपन करें और My Watch के ऑप्शन पर क्लिक करें.अब इमरजेंसी SOS पर क्लिक करें.यहां आप Fall Detection को ऑन-ऑफ कर सकते हैं और सेलेक्ट भी कर सकते हैं कि वर्कआउट के दौरान काम करे या हमेशा एक्टिव रहे.

# अचानक पहाड़ी चढ़ाई पर बंद हो गई कार ? आसान स्टेप्स को रखें याद

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 3 जुलाई , कार चलाना तो आप आसानी से किसी भी ड्राइविंग स्कूल या इंस्ट्रक्टर की मदद से सीख सकते हैं. इसके बाद आप आसानी से कार को चला भी सकते हैं. लेकिन ड्राइविंग की कई पेचीदगियां ऐसी भी होती हैं जो आपको ड्राइविंग स्कूल में नहीं सिखाई जाती हैं. हम आज आपको ड्राइविंग के ऐसे ही गुर के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बाद आपको कभी भी और किसी भी रास्ते में रुकने की परेशानी नहीं होगी.

दरअसल पहाड़ी रास्तों, चढ़ाई या फिर फ्लाईओवर पर चढ़ते समय कार यदि रुक जाए तो उसको बिना पीछे जाने से रोके आगे बढ़ाना मुश्किल होता है. ऐसे में यदि आपके पीछे कोई गाड़ी होती है तो उससे टकराने का खतरा होता है. तो आइये आज आपको बताते हैं कि कार को पीछे ले जाए बिना कैसे चढ़ाई पर आगे बढ़ाया जाए.

**स्टेप बाय स्टेप है पूरा प्रोसेस ----**

यदि आपकी कार बंद हो गई है तो उसे न्यूट्रल में कर के स्टार्ट करें.कार के हैंडब्रेक को एंगेज करें और ब्रेक से पैर हटा लें.इसके बाद कार को 1st गियर में डालें और क्लच को हल्के से छोड़ना शुरू करें और इसके साथ ही धीरे-धीरे एक्सलरेट भी करें.इस दौरान बाएं हाथ से धीरे-धीरे हैंडब्रेक को रिलीज करें.कार जब सामान्य तौर पर आगे की ओर बढ़ने लगे तो हैंड वर्क को पूरा रिलीज कर कार को चलाएं.यदि चढ़ाई ज्यादा है तो कार को 1st या 2nd गियर में ही चलाएं. इन दोनों गियर में सबसे ज्यादा पावर होती है और आपकी कार पीछे की तरफ नहीं जाएगी और न ही झटके से बंद होगी

जब भी कभी ऐसी सिचुएशन में हों और कार अचानक बंद होने के बाद पीछे की ओर जाने लगे तो घबराएं नहीं. ऐसे में आपके पास दो ब्रेक होते हैं. यदि कार के बंद हो जाने के चलते आपके सामान्य ब्रेक पूरी तरह नहीं लग रहे हैं तो हैंडब्रेक को पूरा खींच कर ऐंगेज कर दें. ऐसा करने पर आपकी कार बिल्कुल भी पीछे नहीं जाएगी. इसके बाद कार को आगे बढ़ाने का प्रोसेस करें.



# देहरादून : इस बैंक में पैसा नहीं समय होता है जमा


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 03 जुलाई : आज तक आपने ऐसे बैंक देखे होंगे, जिनमें पैसों का लेन-देन होता है। लेकिन, क्या कभी ऐसा बैंक भी देखा है जहां समय को जमा किया जाता है और जरूरत पड़ने पर उसे निकाला भी जा सकता है। यह अनूठा बैंक खुला है देहरादून में। इस बैंक में आप नि शुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। इस बैंक का पैसों से कोई लेना-देना नहीं है।

यह कवायद निरोगी भारत मिशन ने की है। मिशन का दून के कोलागढ़ के पास कार्यालय है। जहां कोई भी व्यक्ति अपना पंजीकरण करा सकता है या मोबाइल नंबर 9997213642 पर संपर्क कर सकता है। मिशन के पदाधिकारी इन व्यक्तियों का सत्यापन करते हैं और फिर टाइम बैंक से जोड़ देते हैं। अब यहां से शुरू होता है टाइम बैंक का मकसद। दरअसल, कई बुजुर्ग एकाकी जीवन जी रहे हैं। उन्हें स्वास्थ्य समेत अन्य जरूरी कामों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है।

कई बार इन बुजुर्गों तक किसी भी माध्यम से मदद नहीं पहुंच पाती है, जिससे उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। उम्र के इस पड़ाव पर इन बुजुर्गों को सहारा मिल सके और कोई उन्हें अपना समय देकर उनकी जिंदगी में खुशियों के रंग भर सके। इसी उद्देश्य के साथ इस टाइम बैंक की शुरुआत की गई है ।संस्था के अध्यक्ष रोहित ममगाईं ने बताया कि फिलहाल इस





योजना को देहरादून में शुरू किया गया है। सैकड़ों लोग इस मुहिम से जुड़ रहे हैं। उनका कहना है कि जो भी खाताधारक टाइम बैंक में अपना समय जमा करेगा। उन्हें इन एकाकी जीवन जी रहे बुजुर्गों की सेवा में लगाया जाएगा। फिर जब खाताधारक को खुद के लिए या परिवार के लिए किसी के समय की जरूरत पड़ेगी तो मिशन उनकी मदद के लिए दूसरे खाताधारकों को पहुंचाएगा। यह चेन इसी तरह से चलती रहेगी और लोग एक-दूसरे की मदद कर सकेंगे। टाइम बैंक समय की मांग है। आज कई लोग अपने बेहतर भविष्य के लिए विदेश या दूसरे शहरों की ओर चले जाते हैं। इससे कई बुजुर्ग अकेले पड़ जाते हैं। उनका जीवन नीरस हो जाता है। इस मुहिम से ऐसे बुजुर्गों को नया जीवन मिलेगा। टाइम बैंक बुजुर्गों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए। देहरादून में इसकी शुरुआत हुई है, इसे और आगे बढ़ाना चाहिए।

# लाइट में सोने से सेहत को खतरा: इससे दिल की बीमारी, टाइप-2 डायबिटीज हो सकती है

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : सोने के कई तरीके होते हैं। जहां कुछ लोग पूरे अंधेरे में सोना पसंद करते हैं, वहीं कुछ थोड़ी रोशनी के साथ सोते हैं। हाल ही में अमेरिका में हुई एक नई रिसर्च के मुताबिक, लाइट में सोना आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक होता है नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी फीनबर्ग स्कूल ऑफ मेडिसिन द्वारा की गई एक स्टडी में पाया गया कि थोड़ी सी भी लाइट आंखों में घुसकर आपका हार्ट रेट और ब्लड शुगर लेवल बढ़ा सकती है। यानी इससे दिल की बीमारी और टाइप-2 डायबिटीज हो सकती है ।लाइट में सोने से दिल को खतरा, हो सकती है डायबिटीजदिन में हमारा हार्ट रेट ज्यादा होता है और रात में आमतौर पर कम हो जाता है। मगर रिसर्च में शामिल लोग जब लाइट में सोए तो रात में भी उनका हार्ट रेट ज्यादा पाया गया। इससे भविष्य में जल्दी मौत होने का खतरा बढ़ जाता है। बता दें कि रात में हमारा दिमाग शरीर को रिपेयर करने में लगा रहता है इसलिए हार्ट रेट कम हो जाता है। रिसर्च में सुबह उठकर लोगों में हाई ब्लड शुगर लेवल भी पाया गया। लॉन्ग टर्म में यह टाइप-2 डायबिटीज का कारण बन सकता हैलाइट के इस्तेमाल से मोटापे का रिश्ता इससे पहले हुई एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने कहा था कि रात में सोते समय आर्टिफिशियल लाइट का इस्तेमाल आपको मोटा कर सकता है।

इससे वजन बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है ।सोते समय लाइट कम करने की टिप्स नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी ने रिसर्च में सोने के दौरान लाइट कम करने के कुछ तरीके बताए हैं। रात में लाइट बल्ब जलाकर न सोएं। यदि आपको लाइट की जरूरत है ही तो जमीन के पास कम से कम लाइट रखें। लाइट के रंग पर ध्यान दें। रेड, ऑरेंज कलर की लाइट आंखों को ज्यादा प्रभावित नहीं करती। वहीं व्हाइट और ब्लू लाइट को हमेशा सोते हुए इंसान से दूर रखना चाहिए। यदि आप बाहरी लाइट कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं तो आई मास्क का इस्तेमाल करें अपने बिस्तर को लाइट से दूर रखें।



# डीजीपी ने प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए चयनित भूमि का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाईन अल्मोड़ा में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। डीजीपी द्वारा सम्मेलन में उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारी की समस्याओं को सुनकर निराकरण के संबंधित को निर्देशित किया गया। डीजीपी द्वारा आईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी रामचंद्र राजगुरु समेत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना, चौकी प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। डीजीपी व आईजी कुमायूं रेंज द्वारा कानून व्यवस्था व क्राईम कंट्रोल के साथ साथ मानवीय कार्यो में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की गयी। डीजीपी द्वारा उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को साईबर अपराध व महिला संबंधी अपराधों की शिकायतों को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्यवाही करने साथ ही साथ जनजागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरुक करने तथा राजस्व क्षेत्र से पुलिस क्षेत्र में सम्मिलित हुये गॉवो में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस तक आमजन की पहुँच को आसान बनाने के निर्देश



दिए गए। आईजी कुमाऊं द्वारा भी जनपद पुलिस के अधिकारियों का मार्गदर्शन किया गया। सम्मेलन के उपरांत डीजीपी द्वारा अल्मोड़ा पुलिस के प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अभियंताओं से भवन निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की गयी। इसके उपरांत पुलिस महानिदेशक का शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में आयोजित ऑपरेशन मुक्ति सेमिनार व पब्लिक मीटिंग हेतु आगमन हुआ। कार्यक्रम में ओशिन जोशी पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन अल्मोड़ा द्वारा ऑपरेशन मुक्ति के तहत जनपद पुलिस द्वारा किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण पीपीटी के माध्यम से डीजीपी सहित उपस्थित जनता के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम के दौरान ऑंपरेशन मुक्ति के तहत स्कूलों में दाखिल कराये गये नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भी कविता व देशभक्ति गीत गाकर डीजीपी सहित उपस्थित जनता को प्रभावित किया गया। आईजी कुमाऊॅ नीलेश आनंद भरणे द्वारा उपस्थित जनता से संवाद कर नगर की ट्रैफिक व्यवस्था सहित अन्य समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर निराकरण हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए।

महानिदेशक ने कहा कि बचपन व शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चा अपने बचपन को जिये और शिक्षा ग्रहण करें, यही ऑपरेशन मुक्ति का उद्देश्य है। जिसे हम जनता के सहयोग से सफल बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे है। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में साइबर अपराधों की ब?ती चुनौतियों के साथ ही स्व रचित पुस्तक साईबर इन्काउंटर्स के सम्बन्ध में चर्चा की गई तथा पुस्तक के विभिन्न पहलुओं और वर्तमान में इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई।

## नशे के सौदागरों के समूचे नेटवर्क को समूल नष्ट करने के लिए पुलिस कटिबद्ध

पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि प्रदेश में भिक्षा नहीं शिक्षा अभियान के तहत अबतक 3550 नौनिहालों को शिक्षा से जो?ा गया है। ये वह नौनिहाल हैं जो गरीबी या अन्य कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को बेहतर कारगर जनहितार्थ बनाने के लिए जन सुझावों को आधार बना कर प्रभावकारी बनाने की दिशा में गम्भीरता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के चलते नशे का व्यवसाय करने वालों पर इस प्रकार कार्रवाई किए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। नयीं पी?ी को ड्रग जैसी जीवन घाती प्रवृत्ति से बचाने के लिए क?े कदम उठाए जा रहे हैं। राष्ट्र द्रोह जैसे नियम के तहत मुकदमा दर्ज किए जा रहे हैं। ताकि नशे के कारोबार को समूल नष्ट किया जा सके।

# आम जनमानस के लिए सिविल कोड नहीं महंगाई बड़ा मुद्दा : आप

## महंगाई के मुद्दे को छुपाने के लिए सरकार दे रही सिविल कोड पर ध्यान : रविंद्र सिंह आनंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 3 जुलाई , आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने एक बयान जारी कर कहा कि आम जनमानस के लिए सिविल कोड उतना बड़ा मुद्दा नहीं है जितना बड़ा मुद्दा इस वक्त महंगाई का है उन्होंने कहा कि आज साग-सब्जियों, दालों, घी , तेल के रेट आसमान छू रहे हैं और आम आदमी का जीना इस महंगाई में दूभर हो गया है ।

उन्होंने आगे कहा कि खासकर लोअर मिडिल क्लास और मिडिल क्लास जोकि अपने जीवन की जरूरतों को पूरा करके बमुश्किल जीवन यापन कर रहा है उसके लिए इस दौर में आसमान छूती कीमतों ने एक विकट समस्या खड़ी कर दी है ।

उन्होंने कहा कि सरकार को जहां महंगाई पर काबू करना था वहां सरकार ने अपना सारा ध्यान सिविल कोड को लागू करने पर लगा दिया है




जोकि न्याय संगत नहीं है उन्होंने कहा की आम जनता आसानी से कैसे अपना जीवन यापन करें इस ओर सरकार का ध्यान होना चाहिए ना कि सिविल कोड जैसे मुद्दे पर और वैसे भी यह काम केंद्र सरकार का है । उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि राज्य सरकार महंगाई की ओर से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सिविल कोड को चर्चा का विषय बनाए हुए हैं जिससे उन लोगों में महंगाई की बात ना हो और सरकार की नाकामियों और गलत नीतियां छुपी रहे उन्होंने सरकार को चेताते के हुए कहा कि यदि आसमान छूती कीमतों पर सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया तो इसका सीधा प्रभाव आने वाले चुनावों पर पड़ेगा ।

# सैन्यधाम निर्माण हेतु जल संग्रहण यात्रा का दून में भव्य स्वागत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। सैन्यधाम में अमर जवान ज्योति निर्माण के लिए उत्तराखंड की प्रमुख नदियों से एकत्रित पवित्र जल संग्रहण यात्रा मंत्रोच्चारण के साथ दून पहुंची।

यहां रिस्पना पुल और घंटाघर पर भाजपाइयों ने भारत माता के जयकारों के साथ पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। घंटाघर में यात्रा के स्वागत के बाद प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार सैनिकों के सम्मान के लिए तत्पर है। प्रदेश की पवित्र नदियों के जल से सैन्यधाम में अमर जवान ज्योति का निर्माण होगा। प्रदेश के हर शहीद के सम्मान के लिए बन रहा यह सैन्यधाम यादगार रूप में स्थापित होगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पीएम मोदी और सीएम धाम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सैन्यधाम पीएम मोदी की परिकल्पना है। इस धाम के निर्माण के लिए हम पहले ही 1734 शहीदों के आंगन की मिट्टी लेकर आए हैं। इस मौके पर विधायक राजपुर रोड खजान दास, विधायक कैंट विधानसभा सविता कपूर, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, महामंत्री सुरेंद्र राणा, महामंत्री विजेंद्र थपलियाल, मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विशाल गुप्ता, राहुल लारा, सुमित पांडेय, सूरज बिष्ट, अंजू बिष्ट, संजय अरोड़ा, विनोद रावत, नंदनी शर्मा, रीता विशाल, जोगेंद्र पुंडीर, रतन सिंह चौहान, संदीप मुखर्जी, प्रदीप दुग्गल, महेंद्र कुकरेजा, प्रदीप रावत भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दून मेडिकल कालेज को बेहतर बनाने के लिए डाक्टर आशुतोष सयाना को सम्मान : राजकुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 3 जुलाई , विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों ने राजकीय दून मेडिकल कालेज के प्राचार्य डाक्टर आशुतोष सयाना को उत्कृष्ट सेवा कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यहां पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में कांग्रेसजन राजकीय दून मेडिकल कालेज पहुँचे और वहां पर उन्होंने कालेज के प्राचार्य डाक्टर आशुतोष सयाना को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा \कि चिकित्सक धरती पर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। उन्होंने कहा कि डाक्टर सयाना ने राजकीय दून मेडिकल कालेज को बेहतर बनाने के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया है।

इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि चिकित्सक के लिए चिकित्सा सेवा और मानवता से बढ़कर कोई कार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि



आज के दिन चिकित्सकों के लिए मानवता के लिए समर्पित चिकित्सा सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के हितों के लिए भी सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को चिकित्सकों का सम्मान करना चाहिए और इसके लिए सभी को हर समय सजग रहना होगा इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, बिटटू चौ1धरी आदि उपस्थित थे।

# निजीकरण के विरोध में उतरे केएमवीएन कर्मी

नैनीताल। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम की बैठक में गेस्ट हाउस को निजी हाथों में सौंपने की तैयारियों का विरोध किया गया। निगम प्रबंधन ने पूर्व में किए गए समझौतों को लागू करने की भी मांग उठाई गई। ऐसा न होने पर दोबरा से आंदोलन की चेतावनी दी गई। नैनीताल में रविवार को संयुक्त कर्मचारी महासंघ की बैठक अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता संपन्न हुई। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार शासन स्तर पर हुए समझौते को दो माह बीतने के बाद भी लागू नहीं कर रही है। इससे कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है।


उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को निगम मुख्यालय नैनीताल में निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी से निगम के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में चर्चा की जाएगी। साथ ही निगम के कुछ आवास गृह को निजी हाथों में दिए जाने की तैयारी की जा रही है। जिसका महासंघ पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह निगम के माध्यम से ही आवास गृह का संचालन करे। जिससे कि निगम की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। कहा कि किसी भी आवास गृह को पीपीपी मोड में नहीं देने दिया जाएगा।

महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला ने कहा कि कर्मचारी निगम को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मेहनत को कम आंका जा रहा है। चेताया कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में पीतांबर दुमका, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, कैलाश, महेंद्र कुमार, जतिन कुमार, निखिलेश बिष्ट, विनोद तिवारी, दरपान रौतेला, कुंदन लाल, वेद प्रकाश, नरेंद्र थापा, हरीश कांडपाल, नीता आर्य, जानकी आर्य, संदीप सहाय, गंगोत्री, महेश कुमार सहित विभिन्न जनपदों से आए संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब उत्तराखंड से ही कीजिए कैलाश पर्वत के दर्शन, ट्रैकिंग करने वालों के लिए अच्छी खबर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





उत्तराखंड 03 जुलाई : महादेव के कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए मानसरोवर यात्रा पिछली 3 बार से खराब मौसम के कारण स्थगित की जा रही है। मगर अब कैलाश पर्वत के दर्शन करने का एक तरीका सरकार ने आखिरकार निकाल लिया है और अगर यह सफल होता है तो पिथौरागढ़ के दूरस्थ स्थानों पर रोजगार के कई अवसर भी स्थानीय लोगों को उपलब्ध हो सकते हैं। अब कैलाश पर्वत के दर्शन करना उत्तराखंड में ही संभव है। शिव भक्त अब भारत में रहकर ही भगवान शिव के दर्शन कर सकते हैं। पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए आपको चीन जाने की जरुरत नहीं होगी। भक्त उत्तराखंड के लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर के दर्शन कर पाएंगे।

जी हां, बता दें, पिछले चार सालों ने कैलाश मानसरोवर यात्रा किसी ना किसी कारण से स्थगित हो रही थी। ऐसे में अब कैलाश पर्वत के दर्शन करने का एक अनूठा रास्ता सरकार ने निकाल लिया है। पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा के करीब 18 हजार फीट की ऊंचाई से पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन पूरी तरह संभव है। सीमांत में स्थित नाभीढ़ांग के ठीक ऊपर 2 किलोमीटर ऊंची पहाड़ी से तिब्बत में मौजूद कैलाश पर्वत आसानी से दिखाई देता है। हालांकि, अब तक यह बात किसी को पता नहीं थी, लेकिन जब कुछ स्थानीय लोग ओल्ड लिपुपास की पहाड़ी के ऊपर पहुंचे तो वहां से पवित्र कैलाश पर्वत काफी करीब और दिव्य दिखाई दिया। वहीं पर्यटन विभाग का कहना है कि ओल्ड लिपूपास पहुंचने के लिए 2 किलोमीटर की चढ़ाई चढ़नी पड़ती है, जो आसान तो नही है। लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए भी रास्ता बनाया जा सकता है। इससे थौरागढ़ से ही कैलाश पर्वत के दर्शन हो सकेंगे। इस नाम के लोगों को कैलाश पर्वत के दर्शन करने में आसानी होगी बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा और अगर यह प्लान सक्सेसफुल होता है तो वहां पर पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा जिससे वह एक पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित होगा और उत्तराखंड के पर्यटन को नई उड़ान भी मिलेगी। पिथौरागढ़ के जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि ओल्ड लिपुपास पर रास्ता बनाने के साथ ही पर्यटकों के लिए अन्य जरूरी सुविधाएं भी जुटाई जानी है। जिसके बाद इस जगह से देशभर के श्रद्धालु पवित्र कैलाश के दर्शन कर सकेंगे। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि ज्योलिंगकांग से 25 किलोमीटर ऊपर लिंपियाधूरा चोटी से भी कैलाश पर्वत के दर्शन हो सकते हैं। ऐसे में ओम पर्वत, आदि कैलाश और पार्वती सरोवर के करीब से कैलाश पर्वत के दर्शन होने से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन गतिविधियों में तेजी आने की असीम संभावनाएं हैं।

# उत्तराखंड में स्कूली छात्रों के लिए खुशखबरी फ्री में मिलेगी JEE और NEET की कोचिंग




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 03 जुलाई : उत्तराखंड सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अभिनव पहल करने जा रही है। सरकारी स्कूल के छात्रों को जेईई और नीट की कोचिंग दी जाएगी, वो भी बिल्कुल मुफ्त। शुरुआत में यह कार्यक्रम पांच जिलों में चलेगा। कार्यक्रम के तहत हर चयनित जिले से आठ छात्रों को कोचिंग दी जाएगी। शिक्षकों को भी ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि वो अपने स्कूलों में छात्र-छात्राओं को मुफ्त कोचिंग दे सकें। शुरुआत में पांच जिलों के 40 छात्र-छात्राओं को यह कोचिंग दी जाएगी। बीते दिन इसे लेकर अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन और शिक्षा विभाग के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

शिक्षा निदेशालय में हुई बैठक में बताया गया कि अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन रुरल इंडिया सपोर्टिंग ट्रस्ट के सहयोग से इस कार्यक्रम को चलाएगा। शुरुआत में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दो साल के लिए इस कार्यक्रम को लिया गया है। कार्यक्रम के सफल होने पर इसे तीन साल के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। बालिका शिक्षा पर फोकस रखते हुए उन्हें मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। कोचिंग के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं का चयन होगा। इसमें फैकल्टी फाउंडेशन की होगी। इसके अलावा डायट में तीन सौ शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी के मुताबिक शुरुआत में राज्य के पांच जिलों देहरादून, चंपावत, पौड़ी, ऊधमसिंहनगर और अल्मोड़ा जिले में इस कार्यक्रम को चलाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल होने पर अन्य जिलों में भी छात्रों को मुफ्त कोचिंग देने की शुरुआत की जाएगी। शिक्षा विभाग की इस योजना से उन छात्रों को फायदा होगा, जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से कोचिंग नहीं ले पाते। अब वो बिना कोई फीस दिए जेईई और नीट की कोचिंग ले सकेंगे।

## एंटी ड्रग सेल की बैठक आयोजित की

नैनीताल। उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगौली ने एंटी ड्रग सेल की बैठक ली। कुमाऊं विवि के एंटी ड्रग सेल के समन्वयक प्रो. ललित तिवारी ने विवि के एंटी ड्रग सेल के कार्यकलाप प्रस्तुत किए। कहा की सभी नैनीताल आए सैलानियों को भी एंटी ड्रग शपथ दिलाई गई। बताया कि डीएसबी परिसर में एंटी ड्रग सेल गठित कर दिया गया है। जिसमें डीएसडब्ल्यू टीम, प्रॉक्टर टीम, छात्र संघ सहित कूटा टीम कर्मचारी संघ सहित समाज के प्रमुख लोगों को शामिल किया गया है। ऑनलाइन हुई बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भवाली में गुरिल्ला रथयात्रा का स्वागत हुआ

नैनीताल। शनिवार को एसएसबी स्वयं सहायता कल्याण समिति ने अल्मो?ा से निकाली गुरिल्ला रथयात्रा का स्वागत किया। यात्रा ने गोल्ज्यू मंदिर दर्शन कर पालिका हाल में सभा का आयोजन किया। समिति अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी ने कहा कि 1962 में भारत चीन युद्ध में मिले सबक के बाद सीमा पर गुरिल्ला व्यवस्था बनाई गई थी। बाहरी देशों से किसी प्रकार की घुसपैठ न हो इसके लिए स्थानीय लोगों को शामिल किया गया। पूर्वोत्तर में इसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए, लेकिन उत्तराखंड में गुरिल्लाओं को अलग कर दिया गया। नैनीताल जिलाध्यक्ष पीताम्बर मेलकानी ने बताया कि राज्य सरकार ने स्वैछिक आपदा प्रबंधन बल का गठन किया और लोक निर्माण विभाग में नियुक्ति के शासनादेश जारी किए। होम गार्ड, पीआरडी आदि नियुक्ति के समझौते किए गए पर इन्हें लागू नहीं किया गया। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द उसी नियम को लागू करने की मांग उठाई। कहा कि सरकार जल्द यदि इस व्यवस्था को खत्म नहीं करती तो आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह रौतेला, सावंत सिंह, राजेन्द्र सिंह, बालम सिंह, कमला आर्या, विनोद तिवारी, दीवानी राम, सुरेश आर्या आदि रहे।

# जुलाई में देहरादून और पिथौरागढ़ के बीच विमान सेवा हो सकती है शुरू




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 03 जुलाई : देहरादून से पिथौरागढ़ विमान के जरिए सफर करने की इच्छा रखने वालों के लिए एक अच्छी खबर सामने आ रही है। जुलाई के मध्य तक उत्तराखंड में पिथौरागढ़ हवाई पट्टी से हवाई सेवा एक बार फिर से शुरू हो सकती है। जी हां, इस बार पूरी प्लानिंग और प्लानिंग के साथ में केंद्र सरकार ने पिथौरागढ़ से वाया पंतनगर देहरादून के बीच सेवा के लिए फ्लाई बिग एविएशन का चयन किया है और यह कंपनी छोटे एयरक्राफ्ट से अपनी सेवाएं देगी।

ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कि इस बार बड़ी संख्या में लोग इस सेवा का फायदा उठाएंगे। आपको बता दें कि सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के लिए उड़ान योजना के तहत 2018 में हवाई सेवा शुरू की गई थी मगर सेवा नियमित नहीं थी और इसमें कई और भी तरह की समस्याएं थीं। इसके बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सेवा प्रदाता कंपनी का लाइसेंस रद्द कर दिया था। वर्तमान में पिथौरागढ़ से देहरादून के बीच हेलीकॉप्टर की सेवाएं दी जा रही हैं, मगर यह भी नियमित नहीं है और इनका किराया भी अन्य विमान के किराए से 3 गुना ज्यादा महंगा है। ऐसे में केंद्र सरकार ने इस रूट पर उड़ान योजना के तहत सेवा देने को फ्लाई बिग एविएशन कंपनी का चयन किया है और यह कंपनी 7 सीटर विमान से संचालन शुरू करेगी। अपर सचिव रविशंकर ने इस खबर की पुष्टि करते हुए जानकारी दी कि जुलाई के मध्य से सेवा शुरू होने की उम्मीद है।

# पानी पीना भूलते हैं तो शरीर पर आफत, हो सकता है यूरिन इन्फेक्शन, मोटापा, डिहाइड्रेशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : घर हो या दफ्तर जब तक भूख प्यास न लगे, तब तक दिमाग काम से नहीं हटता। हम पानी प्यास के हिसाब से पीते हैं, न कि दिनभर में कितना पानी पीना चाहिए, इसे ध्यान में रखकर नहीं। कम पानी पीने की आदत सेहत के लिए कैसे नुकसानदायक है बता रही है ये रिपोर्ट -स्वस्थ इंसान को हर दिन 8-10 ग्लास पानी क्यों पीना चाहिए , पानी पीने से बॉडी एक्टिव रहती है। पसीने के जरिए शरीर से टॉक्सिन निकलता है और व्यक्ति सेहतमंद रहता है। हर दिन 8-10 ग्लास पानी पीने से स्किन और यूरिन से जुड़ी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। कई बार सिरदर्द, थकान और अनिद्रा की वजह शरीर में पानी की कमी ही होती है। इसलिए डॉक्टर एक स्वस्थ व्यक्ति 3-4 लीटर पानी पीने की सलाह देते हैं। हालांकि किडनी या लिवर से जुड़ी समस्याओं में कम पानी पीने को कहा जाता है।




पानी पीने से जुड़ी इन बातों को न करें नजरअंदाज -जिन्हें किसी तरह की परेशानी या कोई बीमारी है, वे डॉक्टर की सलाह के हिसाब से ही पानी पीएं।अगर आप ब्रेस्ट फीडिंग कराती हैं, तो ज्यादा पानी पीएं, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।बोतल में पानी भरकर बच्चे को थोड़ी-थोड़ी देर में पिलाते रहें, चाहें तो मिश्री मिला लें।पानी पीना कई बार मौसम और तापमान पर भी आधारित रहता है, इसका ध्यान रखें।पानी की जगह लिक्विड में नारियल पानी, जूस, स्मूदी भी लिया जा सकता है।चाय-कॉफी कम पीएं। इसमें मौजूद कैफीन की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है।

बढ़ सकती है कब्ज की समस्या - कम पानी पीने की वजह से शरीर खाना ठीक तरह से नहीं पचा पाता, जिसकी वजह से पेट साफ नहीं होता। लंबे समय तक कम पानी पीने की आदत बनी रही, तो पेट से जुड़ी समस्याएं होनी की आशंका बढ़ जाती है। बढ़ सकती है एग्जिमा की शिकायत - त्वचा पर लाल चकत्ते, जलन, दाने, पानी रिसना और खुजली जैसी समस्याएं एग्जिमा की पहचान होती है। शरीर में पानी की कमी होने की वजह से पसीना नहीं बन पाता जिसकी वजह से टॉक्सिन दाद-खाज के रूप में त्वचा पर उभर आते हैं। ब्लड प्रेशर का बना रहता है खतरा - पानी कम पीने से खून गाढ़ा होता है और ब्लड प्रेशर बढ़ता है। हाई ब्लड प्रेशर की वजह से हार्ट अटैक या स्टोक की आशंका भी बनी रहती है।

## संत निरंकारी मिशन ने किया जोनल स्तरीय बाल संत सत्संग का आयोजन

देहरादून। संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को जोनल स्तरीय बाल संत सत्संग का आयोजन किया। इस संत समागम में संतों ने बच्चों को सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज का संदेश दिया और कहा कि सत्संग से जुड़कर बच्चों के जीवन में निखार आता है। हरिद्वार बाईपास रोड स्थित सत्संग भवन में रविवार को दिल्ली से पहुंचे पालम ब्रांच के संयोजक रामशरण ने कहा कि बच्चों का मन पवित्र और पावन होता है। उनके अंदर किसी तरह की कोई भी दुर्भावना नहीं होती है। जो बच्चे बाल अवस्था में सत्संग से जुड़ जाते हैं, उनके जीवन में निखार आता है। ऐसे बच्चे आगे चलकर प्रेरणा के स्रोत बनते हैं। भक्ति की कोई उम्र नहीं होती। अनादि काल से कई भक्तों ने बहुत ही कम उम्र में संत संगति की अवस्था को प्राप्त किया। इसका सुंदर स्वरूप आज बाल सत्संग के रूप में है। बाल संत समागम में ऋषिकेश, भोगपुर, डोईवाला, बालावाला, प्रेमनगर, सेलाकुई और मसूरी शाखा के बच्चों ने हिस्सा लिया। बाल संतों ने हिन्दी, अंग्रेजी, ग?वाली, पंजाबी, नेपाली, कुमाउंनी भाषा में कविता और भक्ति गीत प्रस्तुत किए। साथ ही फिटनेस के लिए योग कर संगत को निहाल किया। मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने बच्चों को उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें मेडल देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर संयोजक नरेश विरमानी ने सभी का आभार जताया।


## मसूरी पेयजल पंपिंग योजना सितम्बर तक हर हाल में पूरी हो : गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 3 जुलाई , कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने यमुना- मसूरी पेयजल पंपिंग योजना की सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी पेयजल योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को योजना में हाइडल विभाग का जो पेंडिंग कार्य है जिसकी वजह से पंप चल नहीं पा रहे है, उसे शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा सितम्बर माह तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण करने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया। मंत्री ने यूपीसीएल एवं पेयजल के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के तहत मसूरी कैम्पटी के पास क्यारसी गांव में सब स्टेशन के निर्माण संबंधित अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के भी निर्देशित किया।

उन्होंने बताया कि पेयजल योजना के लागू होने से मसूरी को पन्द्रह मिलियन लीटर डेली (एमएलडी) वाटर दिया जा सकेगा। मंत्री ने कहा कि जून 2018 में एक कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने पेयजल योजना निर्माण की घोषणा की थी, जिसकी स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में पहली किश्त रुपये 10 करोड़ पेयजल विभाग को मिल गए थे। केन्द्र सरकार की 144 करोड़ लागत से निर्मित महत्वाकांक्षी यमुना-मसूरी पेयजल पंपिंग योजना जिसकी पाइपलाइन 18 किमी यमुना से ऊंचाई 1.2 किमी की परियोजना के माध्यम से नब्बे हज़ार से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी और अगले 30 वर्षो तक मसूरी वासियों की पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। इस महत्वपूर्ण योजना के लिए मंत्री गणेश जोशी ने केंद्र सरकार और राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से मसूरी की पानी की समस्या का निदान हुआ है।



इस अवसर पर मुख्य अधिशासी अभियंता पेयजल संजय सिंह, अधीक्षण अभियंता डी.के.बंसल, अधीक्षण अभियंता प्रवीण राय, अधीक्षण अभियंता यूपीसीएल राहुल जैन, अधिशासी अभियंता संदीप कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश ने बढ़ाई परेशानी योजनाओं का काम प्रभावित

देहरादून। दून शहर के विभिन्न इलाकों में रविवार को तेज बारिश हुई। इस दौरान बारिश का पानी सडकों पर बहता नजर आया। रायपुर रोड, डीएल रोड, ईसी रोड, एमकेपी रोड, न्यू रोड समेत कई इलाकों में बारिश के दौरान कुछ देर जलभराव की स्थिति रही। वाहन चालकों, राहगीरों को आवाजाही के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर निगम के आपदा नियंत्रण कक्ष में देर शाम तक कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई थी। नगर आयुक्त ने समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बारिश को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। जलभराव की समस्या को लेकर शिकायत या सूचना मिलने पर क्विक रिस्पॉंस टीमों को तत्काल मौके पर पहुंचने के लिए कहा है। ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा।

### पेट्रोल और डीजल पांच-पांच पैंसे महंगा हुआ

देहरादून। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में मामूली बढ़ोतरी करते हुए दोनों के रेट पांच-पांच पैसे बढ़ा दिए हैं। अब पेट्रोल की कीमत 95.33 रुपये लीटर और डीजल के दाम 90.33 रुपये लीटर हो गए हैं। तेल कंपनियों ने तीन महीने बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फेरबदल किया है। एक जुलाई से बढ़े हुए रेट लागू हो गए हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार देहरादून में जून में पेट्रोल 95.28 रुपये लीटर था, वहीं डीजल की कीमत 90.28 रुपये लीटर थी। जिनमें पांच-पांच पैंसे की बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोल-डीजल के रेट में हुई बढ़ोतरी मामूली है, लेकिन इसका असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा।

### शिक्षक संघ चुनाव में गरमाई शिक्षक राजनीति

देहरादून। राजकीय शिक्षक संघ के चुनाव ने जोर पकड़ लिया। शिक्षकों को लुभाने के लिए प्रत्याशी हर दॉव आजमा रहे हैं। शिक्षकों के विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप और पेज पर प्रत्याशियों के चुनावी घोषणा पत्र, पोस्टर और वीडियो संदेश भी छाए हुए हैं। प्रत्याशियों के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर सर्वे भी शुरू किए हैं। यह बात दीगर है कि हर प्रत्याशी के समर्थक इन सर्वेक्षणों में अपने प्रत्याशी को ही सबसे ज्यादा लोकप्रिय प्रचारित कर रहे हैं। शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन छह और सात जुलाई को अल्मोड़ा में होना है। सात जुलाई को नई प्रांतीय कार्यकारिणी के लिए चुनाव होना है। इससे पहले संघ के चुनाव नवंबर 2017 में हुए थे। संघ के संविधान के अनुसार नई कार्यकारिणी का चुनाव नवंबर 2020 में हो जाना चाहिए था। कोरोना महामारी और फिर संघ के नेताओं के परस्पर विवाद की वजह से समय पर चुनाव नहीं हो पाए। अभी हाल में शिक्षक गिरीश चंद्र पनेरू ने हाईकोर्ट में रिट की थी। अध्यक्ष और महामंत्री के पद पर 13 शिक्षक नेता दावेदार हैं। हाईकोर्ट ने शिक्षा निदेशक को इस मामले में कार्यवाही के निर्देश दिए थे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी के अनुसार अधिवेशन के आयोजन और अवकाश के बाबत स्पष्ट आदेश जारी किए जा चुके हैं।

### एडवेंचर चैलेंज में दिखाई प्रतिभा

देहरादून। होलकर एजुकेशनल ट्रस्ट ने डेकाथलॉन देहरादून के सहयोग से एडिफाई वर्ल्ड स्कूल में होलकर एडवेंचर चैलेंज का आयोजन किया। इसमें स्पोर्ट क्लाइंबिंग, फ्रीस्टाइल स्विमिंग और वाटर पोलो जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी मनीष मैठाणी और आर्मी पब्लिक स्कूल, क्लेमेंटाउन के एसओ लेफ्टिनेंट कर्नल गुंजन पाठक मौजूद रहे। होल्कर एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी एडवोकेट पंकज होल्कर, किरण होल्कर, प्रधानाचार्या हरलीन कौर चौधरी, सदस्य प्रदीप गौड आदि मौजूद रहे।

### ट्रांसजेंडर को बताई उनके लिए बनी योजनाएं

देहरादून। सामाजिक संस्था फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसायटी की ओर से ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के लिए स्वरोजगार, फाइनेंस प्रबंधन और यौन उत्पीडन से जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा ने महिलाओं के प्रति यौन उत्पीडन संबंधी जानकारी दी और पॉश ऐक्ट 2013 के तहत प्रावधानों के बारे में बताया। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के बिशन सिंह रावत ने स्वरोजगार और फाइनेंस प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। इससे जुड़ी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। डा. शर्मा ने प्रतिभागियों की निजी और व्यावसायिक समस्याओं के निराकरण के लिए समाधान बताए। मानसिक स्वास्थ की जागरुकता और बचाव विषय भी जानकारी दी गई। इस दौरान सागर डोगरा, सुनिष्ठा सिंह, राजन सेमवाल आदि मौजूद रहे।

# मधुमेह रोगियों में तेजी से बढ़ती यह बीमारी हो सकती है गंभीर, सभी कराएं जांच

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : डायबिटीज रोग का बढ़ता वैश्विक जोखिम, स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए बड़ी चिंता का कारण बना हुआ है। हर साल बड़ी संख्या में वैश्विक स्तर पर मधुमेह के रोगी बढ़ते जा रहे हैं। लैंसेट ने एक अध्ययन में चिंता जताते हुए कहा है कि जिस गति से डायबिटीज के रोगी बढ़ रहे हैं ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक दुनियाभर में डायबिटीज रोगियों की संख्या बढ़कर 130 करोड़ से ऊपर जा सकती है।



यह निश्चित ही स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बड़ा बोझ होगा साथ ही डायबिटीज से संबंधित रोगों के कारण समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं।अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन (एडीए) ने आगाह किया है कि डायबिटीज रोगियों को मधुमेह के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर भी लगातार सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। टाइप-2 डायबिटीज या प्रीडायबिटीज वाले वयस्कों में नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर रोग (एनएएफएलडी) के मामले काफी बढ़ रहे हैं, इसलिए सभी लोगों को लिवर की जांच भी जरूर कराते रहना चाहिए।

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि टाइप-2 डायबिटीज वाले लगभग 70% लोगों को लिवर की बीमारी है, जिसमें एनएएफएलडी सबसे आम है। यह सिरोसिस और लिवर कैंसर का कारण भी बन सकती है। कुछ रोगियों में इसके कारण हृदय रोग और मृत्यु के बढ़ते जोखिमों को भी देखा गया है। एनएएफएलडी वैसे भी गंभीर समस्या है, वहीं यदि यह डायबिटीज के साथ होती है तो इसकी गंभीरता और भी बढ़ सकती है, इसलिए सभी रोगियों में इसकी जांच जरूर की जानी चाहिए। इसको लेकर एडीए ने नई गाइडलाइन भी जारी की है।डायबिटीज एसोसिएशन के विशेषज्ञ कहते हैं, डायबिटीज रोगियों को इस तरह के जोखिमों से बचाव के लिए वजन को कंट्रोल में रखना सबसे आवश्यक है। स्वस्थ आहार का पालन, जीवनशैली में बदलाव, वजन कम करना और व्यायाम की आदत बनाना न सिर्फ आपके शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने में सहायक हो सकता है साथ ही डायबिटीज के कारण होने वाली जटिलताओं से बचाने में भी मददगार है। एनएएफएलडी पर अगर ध्यान दिया जाए तो इसके कारण लिवर सिरोसिस हो सकता है जिसके गंभीर दुष्प्रभावो का खतरा रहता है।

# नेपाली मूल का परिवार दे रहा चमोली पुलिस को दुआएं, जानिए वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमीलो , 3 जुलाई , श्री हेमकुण्ड साहिब यात्रा मार्ग मे चौकी घांघरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र मे गस्त के दौरान घांघरिया मे एक कच्ची झोपडी मे जाकर देखा की एक नेपाली मूल का परिवार निर्मला देवी पत्नी शशिराम बहादुर निवासी पैति जिला देहलीक नेपाल अपने पति व दो साल की बच्ची के साथ रहकर मजदूरी कार्य करती है उक्त महिला द्वारा पुलिस को बताया की उसके पास पर्याप्त बिस्तर ना होने कारण रात्रि मे ठण्ड लगती है और छोटी बच्ची के पास भी गर्म कपडे नही है व असहजता/अभाव में जीवन यापन कर रहें है। अभी उसके पास कंबल खरीदने के लिए पैसे नही है ।



जिस पर पुलिस द्वारा मसीहा बन निर्मला देवी के परिवार को कंबल का प्रबंध व गर्म कपड़ो का प्रबंध किया गया। कम्बल व कपड़े पाने के बाद उनके चेहरे पर जो खुशी दिखी,इतना सुकून मिला जो शब्दों में बँया कर पाना मुश्किल है। उ0नि0 नरेन्द्र कोटियाल ने कहा कि आप भी हमारे परिवार के सदस्य हैं। आप कहीं से अपने आप को असहाय एवं अकेला ना समझें। चमोली पुलिस आप सब की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सदैव तत्पर है।

# गर्मियों में डिहाइड्रेशन : क्या आप कॉफी, सोडा, एनर्जी ड्रिंक्स पीते हैं?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : गर्मी का मोसम है इस मौसम में हम अपनी प्यास बुझाने और तरोताजा रहने के लिए अलग-अलग प्रकार की ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। हमें लगता है कि ये चीजें हमारे शरीर को हाइड्रेट कर रही हैं, लेकिन कभी-कभी इसका उल्टा भी हो सकता है। दरअसल, कुछ ड्रिंक्स में ऐसे इंग्रिडिएंट्स होते हैं, जिन्हें पीने से बार-बार पेशाब जाना पड़ सकता है। इन्हें जितनी अधिक मात्रा में पीते हैं, डिहाइड्रेशन की आशंका उतनी बढ़ जाती है। कॉफी, चाय और सोडे में कैफीन नाम का केमिकल होता है। ये केमिकल नर्वस सिस्टम को उत्तेजित करता है, जिसके कारण पेशाब का प्रोडक्शन ज्यादा हो सकता है। हालांकि इस बारे में रिसर्च मिक्स्ड है। 72 लोगों पर की गई एक रिसर्च में पाया गया कि कॉफी, चाय और सोडे से शॉर्ट टर्म में ज्यादा पेशाब नहीं जाना पड़ता है। लेकिन 10 लोगों पर हुई एक और रिसर्च में पता चला कि इन ड्रिंक्स को ज्यादा मात्रा में लेने से पेशाब का प्रोडक्शन ज्यादा होता है।

एक दूसरी स्टडी में पाया गया कि प्यास बुझाने के लिए ठंडी कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पीने से प्यास और ज्यादा बढ़ जाती है। बीयर, वाइन, लिकर जैसी शराब शरीर के फ्लुइड बैलेंस को बिगाड़ सकती हैं। शराब पेशाब को रेगुलेट करने वाले वासोप्रेसिन नाम के हॉरमोन का लेवल कम करती है।11 पुरुषों पर हुई एक छोटी से स्टडी में पाया गया कि एक्सरसाइज के बाद 5% वाली अल्कोहल बीयर पीने से पेशाब का प्रोडक्शन बढ़ जाता है। यह स्पोर्ट्स ड्रिंक की तुलना में भी ज्यादा है।

एनर्जी ड्रिंक्स की बात करें तो ये भी डिहाइड्रेशन के खतरे को बढ़ा देती हैं। इनमें भी कैफीन कंटेंट होता है। साथ ही, कुछ एनर्जी ड्रिंक्स में टाउरीन नाम का कंपाउंड होता है, जो पेशाब की मात्रा बढ़ा सकता है। इसे एथलेटिक परफॉर्मेंस बेहतर करने के लिए इन ड्रिंक में मिलाया जाता है।चाय, कॉफी, एनर्जी ड्रिंक्स, सोडा और शराब की जगह पानी, नारियल पानी, जूस और सूप जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। इसके अलावा सिर्फ सोडा जैसी ड्रिंक्स न पीकर इसके साथ ज्यादा से ज्यादा पानी भी पीएं। ज्यादातर गाइडलाइन के मुताबिक, महिलाओं को 2.7 लीटर फ्लुइड और पुरुषों को 3.7 लीटर फ्लुइड का सेवन रोजाना करना चाहिए। इसमें खाने और पीने दोनों की ही चीजें शामिल हैं।



# एसएसपी अजय सिंह के निर्देशन में बाइक चोरी गिरोह धरा गया दबोचे 3 सक्रिय सदस्य

■ महंगे शोक ने पहुंचाया हवालात, भीड़ भाड़ वाले इलाकों से बाइक चोरी कर करते थे शोक पूरे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार , 3 जुलाई , कोतवाली लक्सर से खबर है जहाँ दुपहिया वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं चोरी हुए वाहनों की बरामदगी हेतु एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में हरिद्वार पुलिस द्वारा बड़ा खुलासा करते हुए बाइक चोरी गैंग के 03 शातिर सदस्यों को दबोचने में सफलता हासिल की। विभिन्न CCTV फुटेज एवं अन्य सबूत जुटा रही टीम ने बाकरपुर तिराहे के पास दौराने चैकिंग 3 अभियुक्तों सुमित कुमार, मुकुल व परमजीत को चोरी की 3 बाइक के साथ दबोचा गया।उक्त गिरोह के सदस्यों की निशांदेही पर चोरी की अन्य 11 मोटर साइकिल भी बरामद की गई जिनमें से कोतवाली लक्सर में 03 व थाना सिडकुल में 04 अभियोग पंजीकृत है। अन्य बाइक के संबंध में जानकारी की जा रही है।



# मिस्त्री की बेटी ने किया टॉप बनना चाहती हैं आईएएस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट , 3 जुलाई , यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट कल यानी 30 जून को जारी किए गए. इस साल परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से कराया गया था. रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट bu-jhansi.ac.in पर उपलब्ध कराया गया है. जारी नतीजों के अनुसार यूपी बीएड में शालिनी पटेल ने टॉप किया है. उन्होंने 400 में से 370 अंक हासिल किए हैं.

शालिनी यूपी के बनारस की रहने वाली हैं. उनके पिता राजगीर मिस्त्री हैं, यानी मकान बनाने का काम करते हैं. रिजल्ट जारी होने के बाद से ही उनके घर में ख़ुशी का माहौल है और आस-पड़ोस से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं.

**बीएचयू से करना चाहती हैं बीएड**

शालिनी ने जवाहर नगर आदर्श इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट किया है. इसके बाद उन्होंने बीएचयू से हिंदी ऑनर्स में बीए और एमए किया है. अब वह बनारस के ही कॉलेज से बीएड की पढ़ाई भी करना चाहती हैं. इसके अलावा उनका सपना है कि वे आगे चलकर वह यूपीएससी निकलकर आईएएस बनें.

**ऐसे की तैयारी**

यह शालिनी का दूसरा प्रयास था. इससे पहले उन्होंने बीएड प्रवेश परीक्षा में 209 अंक हासिल किए थे. लेकिन दूर का कॉलेज मिलने के कारण उन्होंने एडमिशन नहीं लिया था और अपनी तैयारी जारी रखी. खास बात यह रही कि उन्होंने खुद से ही पढ़ाई करके इसमें टॉप किया है, किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया. मीडिया से बात करते हुए शालिनी ने बताया कि उनकी सफलता का मंत्र है मेहनत. इंसान को मेहनत करते रहना चाहिए और असफलता से घबराना नहीं चाहिए.

# उत्तराखंड के युवा ध्यान दें, SSC ने खोला नौकरियों का पिटारा, 10वीं पास भी करें अप्लाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 03 जुलाई : सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवा ध्यान दें। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 10वीं पास योग्यता वाले हजारों पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो लोग दसवीं पास हैं, और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। वो आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के माध्यम से केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों में हजारों खाली पदों को भरा जाएगा। भर्ती के लिए उम्मीदवारों का चयन कर्मचारी चयन आयोग द्वारा हर साल आयोजित की जाने वाली मल्टीटास्किंग नॉन टेक्निकल स्टाफ परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। एसएससी द्वारा 28 जून को जारी नोटिफि-केशन के अनुसार एमटीएस व हवलदार परीक्षा-2023 की भर्ती परीक्षा संबंधी अधिसूचना को 30 जून को अधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया। जो लोग दसवीं पास हैं, और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। वो आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के माध्यम से केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों में हजारों खाली पदों को भरा जाएगा। भर्ती के लिए उम्मीदवारों का चयन कर्मचारी चयन आयोग द्वारा हर साल आयोजित की जाने वाली मल्टीटास्किंग नॉन टेक्निकल स्टाफ परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। एसएससी द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार एमटीएस व हवलदार परीक्षा-2023 की भर्ती परीक्षा संबंधी अधिसूचना को 30 जून को अधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

## राष्ट्रीय बॉक्सिंग में उत्तराखंड को 3 स्वर्ण समेत 4 पदक

हल्द्वानी। मध्यप्रदेश के भोपाल में 26 जून से 1 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय यूथ महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिया में उत्तराखंड के मुक्केबाजों ने दबदबा कायम किया है7 प्रतियोगिता में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर रहा है7 प्रतियोगिता के 45- 48 किग्रा भार वर्ग में कार्निक कठायत ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 57-60 किग्रा भर वर्ग में निकिता चंद ने दिल्ली की सिया को 5-0 से हराकर गोल्ड मैडल अपने नाम किया7 60-63 किग्रा भार वर्ग में दीपा ने पंजाब की अर्शदीप को 5-0 से हराकर गोल्ड मैडल प्राप्त किया7 जबकि 63-66 किग्रा भार वर्ग में काजल फस्र्वाण ने दिल्ली की सुप्रिया को 4-1 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया।

## संपादकीय



## संसद में नागरिक संहिता

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा। मणिपुर हिंसा, समान नागरिक संहिता, अडानी की जेपीसी जांच, महंगाई, बेरोजगारी समेत ऐसे मुद्दे उठाए जाएंगे, जिन पर हंगामा होना निश्चित है। नए संसद भवन में भी यही मानसिकता रहेगी कि विपक्ष मुद्दों पर शोर मचाएगा, नारेबाजी करेगा और सत्ता-पक्ष अपने तरीके से सदन की कार्यवाही चलाना चाहेगा। कुछ मुद्दों पर सरकार की सोच भिन्न हो सकती है, लिहाजा कार्यवाही का स्थगन बार-बार हो सकता है। अब यह कोई नया संस्कार या व्यवधान नहीं है। हालांकि कोई पुष्टि नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि मानसून सत्र में ही समान नागरिक संहिता का विधेयक संसद में पेश किया जा सकता है। उससे पहले विधि आयोग ने 13 जुलाई तक देश की जनता और धार्मिक-सामाजिक संगठनों की राय मांगी है। सबसे विवादास्पद और सनसनीखेज पक्ष यह होगा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी अपना मसविदा विधि आयोग के सामने प्रस्तुत करना तय किया है। विधि आयोग की संकलित रपट केंद्र सरकार को सौंपने से पहले संसदीय स्थायी समिति की भी बैठक है, जिसकी अध्यक्षता भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी करेंगे। समान नागरिक संहिता पर विपक्ष विभाजित-सा लगता है, लेकिन उसमें गहरी दरारें नहीं होंगी और न ही अभी दोफाड़ के आसार हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी (आप), शिवसेना (उद्धव गुट), जनता दल-यू और जद-एस सरीखे विपक्षी सैद्धांतिक तौर पर समान नागरिक संहिता के समर्थन में हैं, जबकि कुछ दल फिलहाल विचार कर रहे हैं। जद-एस तो विपक्षी एकता की छतरी तले अभी नहीं है और 'आप' का मन डांवाडोल है। शरद पवार की एनसीपी का रुख अभी आधा-अधूरा है। बहरहाल विपक्षी एकता की अगली बैठक 13-14 जुलाई को बेंगलुरू में होगी। भाजपा कोशिश कर रही है कि एनडीए के पुराने घटक-दलों को फिर साथ में लाकर गठबंधन का विस्तार किया जाए। तेलुगूदेशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर चुके हैं। उप्र में ओमप्रकाश राजभर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल चुके हैं। पंजाब में अकाली दल के नेताओं से भी बातचीत जारी है, लेकिन अकाली फिलहाल समान नागरिक संहिता के खिलाफ हैं। बहरहाल इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक संबोधन के बाद हलचलें बढ़ गई हैं। अभी संसद का पूरा शीतकालीन सत्र सत्ता-पक्ष के लिए शेष है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## कार गैराज में लगी आग

देहरादून। हरिद्वार बाईपास रोड पर संत निरंकारी भवन के पास स्थित मोटर कार गैराज में आग लग गई। आग से वहां खड़ी कार और सेंटर में रखा सामान जल गया। सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने दो फायर टेंडर से पानी की बौछार करते हुए आग पर काबू पाया। एफएसओ देहरादून एसडी तिवारी ने बताया कि रविवार सुबह आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम मौके पर रवाना हुई। पहले एक और फिर दूसरा फायर टेंडर भेजा गया। दोनों टेंडर से पानी बौछार कर आग पर काबू पाया गया। बताया कि यह सेंटर हरिद्वार बाईपास रोड पर निरंकारी भवन के पास है। जिसका संचालन शहजाद करते हैं। सेंटर के अंदर सारा लोहे का सामान था। आग बुझाने के बाद मौके से धुआं निकलता रहा।

## रोहित आर्य प्रधान और परितोष त्यागी बने सचिव

देहरादून। आर्य समाज करणपुर वार्षिक चुनाव रविवार को निर्विरोध संपन्न हुए। आर्य समाज करणपुर की स्थापना स्वयं महर्षि दयानंद द्वारा की गई थी। चुनाव में प्रधान रोहित आर्य, सचिव परितोष रस्तोगी और कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा चुने गए। इस दौरान वेद शास्त्री, पवन सब्बरवाल, राजकुमार त्यागी, रामबाबू सैनी, राहुल सकलानी आदि मौजूद रहे।

## किसानों को सेब व कीवी की खेती के बारे में जानकारी दी

नैनीताल। केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालय मुक्तेश्वर में अनूसूचित जाति उपयोजना के तहत पर्वतीय कृषि पर किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को ग्राम पंचायत गहना में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक डॉ. महेन्द्र कुमार वर्मा ने की। इस दौरान किसानों को सेब के की खेती के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि किसान सेब की खेती के जरिए दो से तीन सालों में ही दस से बारह लाख रुपए कमा हैं। इस दौरान किसानों को कीवी की खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. सागर डॉ. अरुण किशोर व किसान मौजूद रहे।

## शिप्रा नदी के जलस्तर बढने से परेशान लोग

नैनीताल। भारी बारिश से अब लगातार शिप्रा नदी का जल स्तर ब?ने लगा है। जिससे बाजार के लोगों की बीच अब चिंताएं भी बढने लगी हैं। शिप्रा नदी में इन दिनों सुरक्षा दीवारों के बनाने का कार्य चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम के सफाई कर्मी ने खुद पर छिडक़ा डीजल

देहरादून। नगर निगम से अनुबंधित इकॉन कंपनी के एक कर्मचारी ने रविवार सुबह सहस्त्रधारा रोड स्थित मयूर विहार वर्कशॉप में खुद पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। उसने आरोप लगाया कि कंपनी ने चार माह से वेतन नहीं दिया है। समर्थन में कर्मचारी यूनियन ने आधे से ज्यादा वार्डों में सफाई वाहनों का संचालन ठप कर दिया। दोपहर तक कूड़ा नहीं उठ पाने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष संजीव ने बताया कि राजू साहनी इकॉन कंपनी में हेल्पर के पद पर तैनात है। उसे चार माह से वेतन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि समय से वेतन नहीं मिल पाने के कारण कई कर्मचारी आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। कर्मचारियों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि कंपनी एक ही पद पर सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन दे रही है। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त मनुज गोयल और मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना से हाल ही एक समान वेतन देने और समय से वेतन जारी करने को लेकर वार्ता हुई थी। लेकिन कंपनियों की मनमानी पर रोक नहीं लग पा रही है।

### सरकारी स्कूलों का लगातार होगा औचक मुआयना

देहरादून। गर्मियों की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने के पहले ही दिन बड़ी संख्या में शिक्षकों की गैरहाजिरी को गंभीरता से लिया गया है। अब से नियमित रूप से प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों का औचक मुआयना किया जाएगा। बीते रोज प्रदेश स्तर पर किए गए औचक मुआयने में 303 प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक समेत 303 शिक्षक गैरहाजिर मिले थे। सभी का वेतन रोकते हुए जवाब तलब किया जा रहा है। डीजी-शिक्षा बंशीधर तिवारी ने कहा कि यह वास्तव में गंभीर विषय है। शिक्षक समाज का आदर्श होते हैं। छात्र ही नहीं बल्कि पूरा समाज उनसे प्रेरणा लेता है। शिक्षकों को तो स्वयं ही अनुशासन और कार्यपरायणता की मिसाल पेश करनी चाहिए।

अधिवेशन के लिए छुट्टी का मसला उलझा :राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अधिवेशन में डेलीगेट से इतर शिक्षकों को शामिल होने की अनुमति मिलना मुश्किल है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी ने शिक्षक संघ अध्यक्ष व महामंत्री को संझा के संविधान के अनुसार निर्णय लेने को कहा है। संघ के प्रांतीय चुनाव में मतदान का अधिकार केवल स्कूल से चुने जाने वाले डेलीगेट को ही है। ऐसे में प्रधानाचार्य पर निर्भर होगा कि वो अधिवेशन में शामिल होने के लिए कितने शिक्षकों को अवकाश की अनुमति देते हैं। प्रांतीय महामंत्री डॉ'.सोहन सिंह माजिला ने कहा कि कई स्थानों पर कार्यकारिणी पदाधिकारी डेलीगेट नहीं है। ऐसे में उन्हें भी आने की अनुमति नहीं मिल पाएगी। इस संबंध में शिक्षा निदेशक से रियायत के लिए पुनः अनुरोध किया जाएगा। संघ का प्रांतीय अधिवेशन छह और सात जुलाई को अल्मोड़ा में है।

### संगठन ने डॉक्टर और प्रतियोगिता विजेता नवाजे

देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की ओर से किशन नगर स्थित दीपलोक राम मंदिर में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। न्यायमूर्ति राजेश टंडन, कैंट विधायक सविता कपूर, पदमडॉक्टर बीकेएस संजय, सुनील अग्रवाल, वीणा जैन संगठन के चेयरमैन सचिन जैन ने डॉक्टरों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले डॉक्टरों में दंत चिकित्सक डा. अभिनव जैन, नेत्र सर्जन डा. ओमप्रकाश गुप्ता, फिजिशियन डा. आरडी अग्रवाल, ब्लड बैंक इंचार्ज दून अस्पताल डॉ. नेहा बत्रा, फिजिशियन डॉ. पवन कुमार गोयल शामिल रहे। इस दौरान डॉक्टरों की सेवाओं को सराहा गया। इस दौरान संगठन प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन एवं सारिका चौधरी, जितेंद्र डंडोना, बबीता आनंद, रेखा निगम, राजकुमार तिवारी, अमर जैन अमित अरोड़ा, एनके गुप्ता, लच्छू गुप्ता, कुलदीप विनायक, सुरेंद्र पाल सिंह, घनश्याम वर्मा, रोशन राणा, पुनीत बग्गा, सोनिया रावत, कविता जैन आदि मौजूद रहे।

इन बच्चों को किया पुरस्कृत

कला प्रतियोगिता के विजेता

ग्रुप ए : जानवी कोठारी प्रथम, निहारिका द्वितीय, मान्यता नेगी तृतीय

ग्रुप बी : छवि प्रथम, अदिति कोठारी द्वितीय, वैभव शर्मा तृतीय

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता : आरव मारा प्रथम, सिद्धार्थ सजवान द्वितीय, सुनीता पांडे तृतीय

# होलकर एजुकेशनल ट्रस्ट ने होलकर एडवेंचर चैलेंज का आयोजन किया

## स्पोर्ट क्लाइंबिंग, फ्रीस्टाइल स्विमिंग और वाटर पोलो जैसे खेलों का प्रशिक्षण अब उत्तराखंड के छात्र एवं छात्राएं एडिफाई वर्ल्ड स्कूल, मोथरोवाला देहरादून में प्राप्त कर सकते हैं







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 3 जुलाई होलकर एजुकेशनल ट्रस्ट ने, डेकाथलॉन देहरादून के सहयोग से रविवार को प्रतिष्ठित एडिफाई वर्ल्ड स्कूल में होलकर एडवेंचर चैलेंज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कई स्कूलों के प्रतिभागियों ने अत्यधिक उत्त्साह के साथ भाग लिया और सभी को एक उत्साहजनक अनुभव प्राप्त हुआ। स्पोर्ट क्लाइंबिंग, फ्रीस्टाइल स्विमिंग और वाटर पोलो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी मनीष मैठाणी और सम्मानित अतिथि के रूप में आर्मी पब्लिक स्कूल, क्लेमेंट टाउन, के एस.ओ. लेफ्टिनेंट कर्नल गुंजन पाठक उपस्थित थे। होल्कर एडवेंचर चैलेंज ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सौहार्द और खेल कौशल की भावना को बढ़ावा देते हुए विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को एक साथ एक मंच पर इकर्त्रित किया । प्रतिभागियों ने कठिन चुनौतियों की श्रृंखला में अपने कौशल और फिटनेस का प्रदर्शन किया, जिससे यह आयोजन शारीरिक और मानसिक कौशल की सच्ची मिसाल बन गई।

होल्कर एडवेंचर चैलेंज के दौरान स्पोर्ट क्लाइंबिंग एक प्रमुख आकर्षण रही और प्रतिभागियों ने अपनी कुशलता और दृढ़ संकल्प के साथ ऊंची दीवारों को पार किया।

तैराकी की फ्रीस्टाइल प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में एक जोश भर दिया, जिसमें प्रतिभागियों ने प्रभावशाली गति और तकनीक के साथ पानी में तैरना शुरू किया। माहौल रोमांचक था क्योंकि तैराकों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा की।

वाटर पोलो, जोकि एक गतिशील और टीम-उन्मुख खेल है और जो अपने तेज़ गति वाले एक्शन और रणनीतिक गेमप्ले से दर्शकों को आकर्षित करता है। प्रतिभागियों ने जीत के लिए प्रयास करते हुए, स्विमिंग पूल में गेंद को घुमाते हुए उत्कृष्ट टीम वर्क, धीरज और सटीकता का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि श्री मनीष मैठाणी ने प्रतिभागियों तथा दर्शकों को संबोधित किया और युवा एथलीटों को खेल के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने और समर्पण और अनुशासन के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

सम्मानित अतिथि, लेफ्टिनेंट कर्नल गुंजन पाठक, ने प्रतिभागियों को शिक्षा और खेल के प्रति समर्पण हेतु प्रेरित किया।

होल्कर एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी, एडवोकेट पंकज होल्कर ने कहा, ₹हमें होल्कर एडवेंचर चैलेंज की सफलता पर बेहद गर्व है।

इस कार्यक्रम ने विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों की अविश्वसनीय प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। हम मनीष मैथानी और लेफ्टिनेंट कर्नल गुंजन पाठक के आभारी हैं, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से हमें सम्मानित किया। हम डेकाथलॉन देहरादून को इस प्रतियोगिता के समर्थन के लिए आभारी है ।

इस अवसर पर एडवोकेट पंकज होल्कर ने स्पॉट क्लाइम्बिंग और फुटबॉल अकादमी आरंभ करने की घोषणा की ।

एडिफाई वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती हरलीन कौर चौधरी ने कहा कि " विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ साथ खेल का भी अत्यधिक महत्त्व है । होल्कर एडवेंचर चैलेंज जैसे कार्यक्रम एक नया आयाम स्थापित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम बौधिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास करते हैं और सहयोग की भावना जागृत करते हैं ।

मुख्य अतिथि मनीष मैथानी और सम्मानित अथिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गुंजन पाठक की गौरवममीय उपस्तिथि के लिए उन्हें हार्दिक धन्व्यवाद करती हूं। प्रधानाचार्य ने कहां हमारा विद्यालय विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है"।

होल्कर एडवेंचर चैलेंज कार्यक्रम के प्रमुख (ट्रस्टी) किरण होल्कर सहयोगी एवं सदस्य प्रदीप गौड ने कहां ₹ होल्कर एडवेंचर चैलेंज छात्रों को विभिन्न खेलों और साहसिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है जहां पर छात्र एवं छात्राएं अपने रुचि के हिसाब से खेलों का चुनाव करते हैं एवं प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस तरह के चैलेंज एवं प्रति-योगिताएं युवा एथलीटों की अविश्वसनीय प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करने में मदद करता है। यह हमारा सौभाग्य है कि यह खेल अब आपके उत्तराखंड में एडिफाई वर्ल्ड स्कूल ,मोथरोवाला देहरादून में शुरू हो चुका है। इससे पहले इन सभी खेलों में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को अन्य राज्यों में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करना पड़ता था। एडिफाई वर्ल्ड स्कूल में अब शहर का कोई भी बच्चा आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा कर प्रशिक्षण शुरू कर सकता है एवं राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकता है।

# भाजपा का ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क अभियान तेज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान ग्रामीण इलाकों में तेजी से चल रहा है। रविवार को भाजपाइयों ने सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। डोईवाला क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपाइयों ने बुल्लावाला में घर-घर चलो अभियान चलाया। जिला महामंत्री राजेंद्र तडियाल ने कहा कि क्षेत्रवासियों को घर-घर जाकर प्रपत्र के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनहित की योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकिशन ने कहा कि भाजपा की सरकार जो कहती है, वह करती है। आने वाले निकाय और लोकसभा चुनाव में झूठ बोलने और गुमराह करने वाली ताकतें फिर आएंगी। इनसे सचेत रहकर भाजपा को ही आने वाले चुनाव में विजयी बनाना है। जिला महिला मोर्चा मंत्री मंजू नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए मातृ वंदना योजना चलाकर करोड़ों महिलाओं और अनेकों योजनाएं द्वारा करोड़ों गरीबों का कल्याण किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। घर-घर संपर्क अभियान में ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री विशाल क्षेत्री, मंगल सिंह रौथान, सुभाष पेंगवाल, गब्बर सिंह बिष्ट, मनोज कांबोज, महिपाल रावत,आशा सेमवाल,जय जोशी, मनिंदर सिंह, रेनू चौधरी, वीरमति, पिंकी देवी, सुरेश सैनी, ललित पंत,भरत नेगी, गुलाब सिंह,नेगी, ज्योति प्रसाद भट्ट, ऋषिकेश चमोली, टेक बहादुर, विजय कैंतुरा, विजेंद्र राणा, राजाराम, विजय तडियाल, संदीप रणाकोटी, दर्शन लाल चमोली, विजयपाल पुंडीर आदि मौजूद रहे।

## आईडीपीएल में आवास खाली कराने की कार्रवाई पर हंगामा

ऋषिकेश। आईडीपीएल की आवासीय कॉलोनी में खंडहर भवनों को गिरने के लिए जेसीबी लेकर पहुंची प्रशासन की टीम का भारी विरोध हो गया। स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा करते हुए कार्रवाई को रुकवा दिया। इस दौरान एडीएम ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, मगर वह कोर्ट का आदेश दिखाने के बाद ही कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग पर अड़े रहे। मजबूरन, प्रशासनिक टीम को एक बार फिर कार्रवाई के बगैर ही लौटना पड़ा। रविवार को एडीएम एसके बरनवाल की अगुवाई में प्रशासन और पुलिस की टीम आईडीपीएल में जेसीबी लेकर पहुंची। आवासीय कॉलोनी में खंडहर भवनों को गिराने की सूचना मिलते ही सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौके पर आ धमके। इस बीच प्रशासन की टीम ने एक घर की दीवार को गिरा दिया। इसके बाद प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ लोग जेसीबी पर भी चढ़े नजर आए। स्थिति नियंत्रण में रखने के लिए प्रशासन को आसपास के थाना क्षेत्रों से भी पुलिस फोर्स को मौके पर बुलाना पड़ा। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से कार्रवाई के लिए कोर्ट का आदेश दिखाने की बसत कही, तो वह नहीं दिखा पाए। अदालत के आदेश के बाद ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की मांग लोगों ने की। काफी देकर तक समझाने के बावजूद नहीं मानने पर प्रशासन की टीम वापस लौट गई। महिला के घर की दीवार गिराने के विरोध में स्थानीय लोग भारी संख्या में आईडीपीएल पुलिस चौकी भी पहुंचे। एडीएम एसके बरनवाल ने बताया कि स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद आवासीय कॉलोनी में आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को उनसे बातचीत की जायेगी।

## बहुउद्देशीय शिविर का 100 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ

हल्द्वानी। शहर के लोगों को स्वास्थ्य और समाज कल्याण की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विधायक सुमित हृदयेश के आग्रह पर रविवार को बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। 100 से अधिक लोगों ने योजनाओं का लाभ उठाया। दमुवाढूंगा जमरानी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिविर लगाया गया। शुभारंभ करते हुए विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि इस तरह के शिविरों से आम जनता को लाभ मिलता है। सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल चंद्र आर्या ने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, शादी अनुदान, अंतरजातीय विवाह, अटल आवास योजना, छात्रवृत्ति आदि की जानकारी दी। पेंशन संबंधी समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर नेत्र, ईएनटी, अस्थि रोग विशेषज्ञों ने लोगों की जांच कर निशुल्क दवा बांटी। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ने कई दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाए। यहां एसीएमओ डॉ. रश्मि पंत, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय बिष्ट, डॉ. अनुष्का सावंत, डॉ. एचएस ऐरी, डॉ. कल्पना पांडे, कविता भट्ट, अनिल धानक, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, पार्षद चंपा देवी, नीमा भट्ट, खीमानंद पांडे, महेशानंद, हेमंत बगड्वाल, एनबी गुणवंत, महावीर टम्टा, जगमोहन बगड्वाल, संदीप भैसोड़ा, मीमांसा आर्या, गीता बहुगुणा, संजय जोशी, गिरीश पांडे, राजू बिष्ट, सीमा भटनागर, हेमा देवी, मीनाक्षी नयाल, गोविंदी लोबियाल, सीमा लोहानी, मीना पवार, कानू बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## शिरडी साई समिति ऋषिकेश की नई कार्यकारिणी का गठन

ऋषिकेश। श्री शिरडी साईं धाम ऋषिकेश की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अशोक थापा को अध्यक्ष और वेद प्रकाश धींगरा को महासिचव चुना गया। इस दौरान मंदिर के आय-व्यय का ब्योरा भी दिया गया। रविवार को समिति के संरक्षक राकेश जुनेजा, अनिल कोहली, ओम प्रकाश मुल्तानी, प्रदीप धीमान की देखरेख में सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया। इसमें अध्यक्ष अशोक थापा, उपाध्यक्ष विजेंद्र गौड़, केके शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश कालड़ा, महासचिव वेद प्रकाश धींगरा, सहसचिव संजय कपूर, उपसचिव राजीव नागपाल, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र आहूजा, उपकोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पवन शुक्ला के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में प्रमोद थापा, रचित गुप्ता, राजेंद्र चौहान, संजय चौहान, विशाल गुप्ता, सुनील ठाकुर, डॉ राजेश मनचंदा, विवेक पुरी, सुधीर कालड़ा, अमित जैन को चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक थापा ने कहा कि तीन जुलाई को श्री शिरडी साईं धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।